प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 03.03.2025
समय : 01:00 पी.एम.

एशिया और प्रशांत क्षेत्र में 12वां क्षेत्रीय 3 आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम आज से जयपुर में शुरू हुआ। तीन दिन के इस सम्मेलन का उद्‌घाटन केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा उपस्थित रहे। केन्द्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पारम्परिक जीवन शैली हमारे देश की परम्परा रही हैं और वेस्ट को सदुपयोग में बदलना हमारी संस्कृति का हिस्सा है। उन्होंने सर्कुलर इकॉनोमी की दिशा में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि स्वच्छ, हरित और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सरकार के महत्वपूर्ण प्रयास जारी है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि दुनिया के सामने आ रही नई चुनौतियों से निपटने के लिए 3–आर सर्कुलर अर्थव्यवस्था यानी रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकल का सिद्धांत जरूरी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने पहली बार ग्रीन बजट पेश कर मिसाल पेश की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का दोहन बीते कुछ दशकों में बहुत बढ गया है, जिसने विश्व की जैव विविधता को खतरे में डाल दिया है।

गौरतलब है किराजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 5 मार्च तक चलने वाले इस आयोजन में एशिया प्रशांत देशों के 1000 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हो रहे है। इनमें नीति निर्माता, उद्योग जगत के नेता, शिक्षाविद और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि शामिल है। यह कार्यक्रम 3 आर के सिद्धांतों और सर्कुलर अर्थव्यवस्था पहलों को आगे बढ़ाने के लिए, नीतिगत चर्चाओं और ज्ञान के आदान–प्रदान के लिए एक रणनीतिक मंच प्रदान करेगा। फोरम में विभिन्न मंत्रालयों, पहलों और मिशनों की प्रदर्शनी लगाई गई है। इसमें एशिया प्रशांत क्षेत्र के शहरी नेताओं और नीति निर्माताओं के बीच संवाद को लेकर विशेष सत्र रखे गए है। इसके अलावा अपशिष्ट प्रबंधन और परिपत्र अर्थव्यवस्था संक्रमण के लिए अभिनव समाधानों को लेकर भी इस फोरम में चर्चा की जायेगी। फोरम में आये प्रतिनिधि जयपुर में ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाओं और प्रमुख विरासत स्थलों का दौरा करेंगे। सम्मेलन की समाप्ति पर जयपुर घोषणा पत्र जारी किया जायेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विश्व वन्यजीव संरक्षण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की सातवीं बैठक की अध्यक्षता की। गुजरात के जूनागढ़ जिले के सासन गिर में आयोजित बैठक में वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव, विभिन्न राज्यों के सदस्य, इस क्षेत्र में काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, मुख्य वन्यजीव वार्डन और विभिन्न राज्यों के सचिवों ने भाग लिया। इस अवसर पर श्री मोदी ने जूनागढ़ में वन्यजीवों के लिए राष्ट्रीय रेफरल केंद्र की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री ने 16वीं एशियाई शेर आबादी अनुमान–2025 और कोयंबटूर में मानव वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन का अनावरण भी किया। बैठक से पहले, प्रधानमंत्री ने गिर राष्ट्रीय उद्यान में जंगल सफारी की और सिंह सदन परिसर में वृक्षारोपण किया। श्री मोदी ने वन्यजीवों के संरक्षण और प्रबंधन के लिए फील्ड स्टाफ के लिए पेट्रोलिंग बाइक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने इको गाइड, ट्रैकर्स और फील्ड स्टाफ से बातचीत भी की।

सवाई–माधोपुर की गंगापुर सिटी में खाद्य पोषण सुरक्षा तथा पौष्टिक अनाज योजना के तहत कार्यशाला रखी गई। कार्यशाला में किसानों को मोटे अनाज का महत्व और इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारियां दी गई। सहायक निदेशक कृषि विस्तार और अन्य कृषि अधिकारियों ने मोटे अनाज से संबंधित उत्पाद बनाने और इन पर सरकार की ओर से दिए जाने वाले अनुदान के बारे में भी किसानों को जानकारी दी।

दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस हाईवे पर आज दौसा के नांगल राजावतान क्षेत्र में एक डम्पर की टक्कर से कार सवार दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि दुघटना के शिकार लोग शाहपुरा के रहने वाले थे। एक्सप्रेस वे पर एक अन्य हादसे में ज्वलनशील केमिकल से भरे एक टैंकर के पलट जाने के बाद राजमार्ग पर एसिड फैल गया। पुलिस प्रशासन ने तत्काल मौके पर पहुंच कर क्षेत्र को खाली करवाया। दुर्घटना में टैंकर चालक सहित तीन लोग झुलस गये। इधर कोटपूतली बहरोड़ जिले के नारेहडा गांव के पास एक स्कूल बस के पलट जाने से कई बच्चे घायल हो गए। सूचना मिलने पर पंहुची पुलिस ने बच्चों को अस्पताल पंहुचाया, जहां अधिकांश को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

अजमेर के किशनगढ स्थित केन्द्रीय विश्वविद्यालय का आज 17वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में विभिन्न क्षेत्रों से जुडे लोगों को उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद भालेराव ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से बीते साल से नई परम्परा शुरू की गई है जिसमें स्थापना दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट उपलब्धियों वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जा रहा है।